सार-समाचार

डॉ. कृष्णा ने जीता सिल्वर मेडल

जोधपुर, (कासं)। राष्ट्रीय स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में सीनियर ए ग्रुप में आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर अध्येता डॉ कृष्णा ने सिल्वर मेडल जीता। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर की स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र विभाग की पी.जी. अध्येता डॉ. कृष्णा शर्मा पुत्री राधेश्याम शर्मा ने छठी राष्ट्रीय स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में सीनियर ए ठ्रुप में ट्रेडिशनल योगासन ग्रुप इवेंट में सिल्वर मेडल, ट्विस्टिंग, बॉडी इंडिविजुअल इवेंट में ब्रोंज मेडल तथा सुपाइन इंडिविजुअल इवेंट में ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। छठी राष्ट्रीय स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 11-14 सितंबर को दुर्ग छत्तीसगढ़ में किया गया। चार दिवसीय योगासन चैंपियनशिप में देशभर के 32 राज्यों से लगभग एक हजार खिलड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा लगभग 100 जज़ , तकनीकी टीम व छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के लगभग 150 सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। चैंपियनशिप में चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। गत वर्ष भी डॉ. कृष्णा शर्मा का चयन राष्ट्रीय स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हुआ था। संकाय सदस्यों एवं स्नातकोत्तर अध्येताओ ने शुभकामनाएं दी।

दलित अधिकार कमेटी ने मांग बताई

पोकरण, (कासं)। दलित अधिकार अभियान कमेटी ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर खुहडा गांव में दो दलित युवकों के साथ अत्याचार होने को लेकर कार्यवाही की मांग की है। कमेटी ने आरोप लगाया कि अडानी कम्पनी के सुरक्षा गार्डों ने दो दलित युवकों को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इनमें से एक युवक नाबालिग बताया गया है, जिसकी उम्र मात्र 14 वर्ष है। ज्ञापन में कहा गया है कि घटना को 25 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं, जिससे परिवार भय और सदमे में जी रहा है। कमेटी अध्यक्ष सुरेश नागौरा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उपाध्यक्ष चेतनराम भाटी, लूणकरण जटिया, मोहनलाल जीनगर, सचिव गणपतराम गर्ग, कोषाध्यक्ष बांकाराम पूनड, मीडिया प्रभारी भंवरलाल लीलावत, संरक्षक मंडल सदस्य भगाराम देवपाल, तथा कमेटी सदस्य गंगाराम जयपाल, भंवराराम पंवार, जुगताराम जयपाल, धनाराम पंवार, रमेश देवपाल, मेहराजराम जुईया, डूंगराराम पन्नू, चेतनराम गर्ग सहित कई जने मौजूद रहे। कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि 15 अक्टूबर तक पुलिस ने संतोषजनक कार्यवाही नहीं की तो 16 अक्टूबर को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर न्याय की मांग की

जोधपुर पुलिस ने लाइव देखा समारोह

जोधपुर, (कासं)। भारत के गृहमंत्री अमित शाह के जयपुर दौरे के दौरान कानून व्यवस्था से संबंधित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जोधपुर मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। प्रसारण के दौरान जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों से अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक देखा। इसके अलावा सभी पुलिस थानों में भी इस कार्यक्रम को लाइव दिखाने की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर अधिकारियों ने गृहमंत्री के विचारों को आत्मसात कर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। देश के गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को जयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन आम नागरिकों को हाल ही में लागू हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरी सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देने के लिए किया गया। जोधपुर के भी बासनी, महामंदिर सहित अलग अलग थानों में आमजन को स्क्रीन पर प्रदर्शनी का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया। पुलिस अधिकारियों ने वहां मौजूद नागरिकों को नए कानूनों की प्रमुख बातें समझाईं और आगामी दिनों में शुरू होने वाले प्रशिक्षण सत्रों की जानकारी भी दी।

पंच गौरव योजना समिति की बैठक हुई

जालोर, (कासं)। राज्य के सांख्यिकी विभाग के निर्देशानुसार पंच गौरव योजना के अन्तर्गत स्वीकृत बजट प्रावधानों एवं कार्य योजना की क्रियान्वति के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गांवडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, खेल विभाग, पर्यटन विभाग एवं उद्योग विभाग के नोडल अधिकारियों को एक जिला-एक उपज अनार, उद्योग-ग्रेनाइट, पर्यटल स्थल-सुंधा माता, एक प्रजाति-जाल वृक्ष व खेल-बॉक्सिंग के उन्नयन, विकास एवं कार्ययोजना तैयार कर अवगत करवाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा व आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक व सदस्य सचिव डॉ.धनसिंह राजपुरोहित उपस्थित रहे।

नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। जालोर जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री के नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने 15 सूत्री कार्यक्रम की विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने विभिन्न योजनाओं में अल्पसंख्यक वर्ग की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, लीड बैंक अधिकारी रमेश कुमार, सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नारायणसिंह चारण, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार, समेकित बाल विकास सेवा के उप निदेशक व पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

खेड़ रणछोड़राय तीर्थ के लिए राशि मंजूर

बालोतरा, (निसं)। पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अरुण चौधरी के अथक प्रयासों से राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग ने खेड, रणछोडराय तीर्थ के विकास कार्यों के लिए 452.35 लाख की राशि स्वीकृत की है। इस ऐतिहासिक स्वीकृति के अंतर्गत तीर्थ पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। इनमें पैदल यात्री विश्राम गृह, पार्किंग शेड, मंदिर परिसर की बाउंड्री वॉल, तथा भोजनालय का निर्माण शामिल है। इन आधुनिक सुविधाओं के जुडने से तीर्थ पर आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही इस क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को एक नई दिशा मिलेगी। संबंधित विभाग को आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक प्रियाएँ पूर्ण करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति को क्षेत्र की जनता की आस्था और विश्वास की जीत बताया। उन्होंने कहा कि खेड रणछोडराय तीर्थ केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी परंपरा, संस्कृति और श्रद्धा है। इस विकास से क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संवर्द्धन मिलेगा।

पुष्य नक्षत्र आज से, बाजारों में उल्लास

जोधपुर, (कासं)। दीपावली के आगमन से पहले जोधपुर शहर का माहौल पूरी तरह से त्योहारी रंग में रंग चुका है। इस बार 14 और 15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के दो दिवसीय शुभ संयोग के चलते बाजारों में पहले से ही जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। व्यापारियों को उम्मीद है की बाजार में खरीददारी परवान पर रहेगी। परंपरागत रूप से 'मिनी धनतेरस' माने जाने वाले पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी को शुभ माना जाता है, इसी कारण व्यापारी और ग्राहक दोनों उत्साह से भरपूर हैं। पंडित दामोदर भारद्वाज के अनुसार इस वर्ष दीपावली तक प्रतिदिन कोई न कोई शुभ योग बन रहा है। विशेष रूप से 14 और 15 अक्टूबर को नक्षत्रों के राजा 'पुष्य' के साथ सर्वार्थसिद्धि और अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जो सोना-चांदी और अन्य कीमती वस्तुओं की खरीदारी के लिए अत्यंत मंगलकारी माना गया है। इस बार 14 और 15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है, जिसे खरीदारी का महा मुहूर्त कहा गया है। इस बार पुष्य नक्षत्र में सिद्ध योग और साध्य योग दोनों का संयोग रहेगा, जो इसे और भी मंगलमय बना रहा है।

अधिकारी कर्मचारियों के हितों पर काम कर रहे हैं : हारून खान

जालोर, (कासं)। राजस्थान अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हारून खान ने सोमवार को जालौर में जिला कार्यकारिणी की बैठक लेकर अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारियों की समस्या पर चर्चा की।

जिला मंत्री फिरोज खान ने बताया कि अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हारून खान के एक दिवसीय दौरे पर जालोर आने पर साइन पब्लिक स्कूल में अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा उनका साफा माला पहना कर स्वागत किया गया। उनके साथ आए मदरसा बोर्ड के पूर्व सचिवसऊद अख्तर , एपीजे अब्दुल कलाम एजुकेशन सोसाइटी केजनरल सैक्रेटरी सईद अहमद का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त प्रदेश सचिव शहजाद खान का साफा माला पहनाकर स्वागत किया। वही कार्यक्रम में महासंघ द्वारा पंजाब के बाद ग्रस्त लोगों की मदद के लिए अल्पसंख्यक महासंघ ने सहायता राशि एकत्रित कर जालौर सिख समुदाय के सुखप्रीत सिंह खालसा को सहायता राशि प्रदेश अध्यक्ष खान ने प्रदान की। इस अवसर पर स्वागत भाषण में प्रदेश सचिव शहजाद खान ने कहा की राजस्थान के विभिन्न जिलों में प्रदेशाध्यक्ष के द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों की समस्याओ का निस्तारण कर कार्मिकों केहित में कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही सामाजिक सरोकार के लिए भी अलग-अलग संस्थाओं का सहयोग लेकर लोगों का सहयोग कर रहे। उन्होंने संगठन के मजबूती पर जोर दिया इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष खान ने जिले के अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी के लिए हमेशा तैयार रहने की बात कही। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों के समस्या का शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा महासंघ अधिकारियों कर्मचारियों के हित में काम कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के साथ आए एपीजे अब्दुल कलाम एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के जनरल सैक्रेटरी सईद अहमद एवम् मदरसा बोर्ड के पूर्व सचिव सऊद अख्तर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष रमजान खान ने महासंघ द्वारा किए गए विभिन्न कार्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष खान ने फिरोज खान मैहर को जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन नूर मोहम्मद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला मंत्री ने आभार जताया।

महबूब खान, अमजद खान अख्तर हुसैन, रफीक खान, एजाज अली, राजू शेख, गुलजार खान, सलीम खान, सद्दाम हुसैन चांदअली, खुर्शीद अहमद, एन आर उस्मानी, इंसाफ अली ,बरकत खान, मुस्ताक खान, डॉ.अफताब डॉ.अमानुल्लाह डॉ .अबरार सहित कई जने उपस्थित थे।

गौरव अग्रवाल ने प्रशासनिक कार्यों में गति लाने पर बल दिया

जोधपुर, (कासं)। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति, जनशिकायतों के निस्तारण, न्यायालयीन प्रकरणों, मुख्यमंत्री एवं वीआईपी प्रकोष्ठ से संबंधित विषयों, और अंतर्विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने कहा कि जनसेवा में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। नागरिकों के हित से जुड़ा हर कार्य हमारी प्राथमिकता सूची में शीर्ष पर होना चाहिए।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यप्रणाली की सघन निगरानी करें और जनशिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें।

जिला कलैक्टर ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अवैध जल कनेक्शनों के विरुद्ध सघन कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि अवैध जल उपभोग से न केवल संसाधनों की हानि होती है बल्कि पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगते हैं।उन्होंने अधिक से अधिक एफआईआर दर्ज करने और रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह जिला स्तर पर प्रस्तुत करने को कहा।

मुख्यमंत्री एवं वीआईपी प्रकोष्ठ, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त और अन्य संस्थाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण जन-विश्वास से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इन पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

विशेषकर न्यायालयों में लंबित अवमानना प्रकरणों का समाधान प्राथमिकता से किया जाए व आवश्यक समन्वय के लिए नोडल अधिकारी बनाए जाएं।

अग्रवाल ने कहा कि किसी भी योजना की सफलता विभागीय तालमेल, जवाबदेही और समयबद्ध समीक्षा से ही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को फील्ड विजिट की आवृत्ति बढ़ाने एवं योजनाओं की वास्तविक प्रगति की जमीनी पुष्टि करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग की मासिक प्रगति रिपोर्ट स्वयं प्रस्तुत करें और उसमें आने वाली बाधाओं का स्पष्ट उल्लेख करें ताकि समाधान समय रहते किया जा सके।

कार्यकर्ता की बदौलत ही कांग्रेस मजबूत है : धनानी

जालोर, (कासं)। कांग्रेस के संगठन सर्जन अभियान के तहत आहोर व भाद्राजून ब्लॉक की बैठक एआईसीसी पर्यवेक्षक परेश धनानी एवं पीसीसी से नियुक्त प्रभारी गोविंदराम मेघवाल, पीसीसी महासचिव जालौर प्रभारी सुमन यादव एवं पीसीसी महासचिव नरेश चौधरी की उपस्थिति में आयोजित हुई, जिसमें कांग्रेस जालौर जिलाध्यक्ष प्रत्याशी को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया गया।

इस अवसर पर एआईसीसी पर्यवेक्षक परेश धनानी ने कहा कि कांग्रेस को हमें बूथ स्तर तक मजबूत रखना है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को अपना 100 प्रतिशत योगदान देना जरूरी है। कांग्रेस एक भावना है और इसकी मजबूती ही इसके कार्यकर्ता है। इस अनुशासित पार्टी का इतिहास काफी लंबा और पुराना है। हम सभी को मिलकर जिला, ब्लॉक और नगर समेत गांव और बूथ स्तर पर हाथ को मजबूत करना है।

पूर्व मंत्री व पीसीसी से नियुक्त प्रभारी गोविंदराम मेघवाल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी है। चाहे जिलाध्यक्ष हो या ब्लॉक अध्यक्ष, काम करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता हमेशा ही रहती है। कांग्रेस में एक अनुशासन है जो केंद्र से लगाकर छोटे से छोटे गांव तक दशकों से स्थापित है।

इस दौरान पीसीसी महासचिव सुमन यादव ने कहा कि हम सभी को मिलकर काम करना है और राज्य और केंद्र में भाजपा सरकार की कमियों को उजागर है। वैभव गहलोत ने कहा कि संगठन सृजन के लिए एकता का परिचय देना बहुत जरूरी है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, आहोर ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह डोडीयाली, भाद्राजून ब्लॉक अध्यक्ष गलबाराम मीणा,उमसिंह चांदराई, जगदीश चौधरी, प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुंपावत, करणवीर सिंह,नगर अध्यक्ष भंवरलाल छीपा,उपप्रधान अमृत प्रजापत, मंडल अध्यक्ष जोगेंद्रसिंह, पीरसिंह, प्रकाश सिंह, प्रेमसिंह, युद्धवीर सिंह, शंकर अग्रवाल, कालुराम मेघवाल, कुशाल सिंह, छोगाराम, हस्तीमल सुथार,वागाराम मेघवाल सहित सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलैक्टर कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में एलएन मंत्री ने विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं , विभागीय कार्या, बजट घोषणा व भूखंड आवंटन के बकाया प्रकरणों की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार के प्रतिनिधि होने के नाते जो दायित्व सौंपे गये है व जनहित से जुड़े कामों को जल्द सम्पादित कर व उन्हें राहत दें व अपने उत्तरदायित्व का भली भांति निर्वहन करे। सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण करें। कलैक्टर मंत्री ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से रामसेतु की गिलहरी अभियान के यूज एंड थ्रो प्लास्टिक का प्रयोग ना करने के लिये आह्वान किया व अपना योगदान देने के लिये कहा।

केंद्र व राज्य सरकार के कार्यों की समीक्षा हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन के संबंध समीक्षा ली।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी व ग्रामीण), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, कुसुम योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम में नवीन परिवारों को जोड़ने एवं तथा राजीविका के तहत नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, सोलर दीदी, कृषि सखी, पशु सखी एवं बैंक सखी कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र महिलाओं का नामांकन सुनिश्चित करने की बात कही।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन का पोस्टर जारी

जालोर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के अंतर्गत जन जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीरेंद्र हमथानी ने बताया कि तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

गणपत बांठिया ने राज्यपाल कटारिया को बधाई दी

बालोतरा, (निसं) पंजाब के महामहिम राज्यपाल व संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ के प्रशासक, राजनीतिक सामाजिक क्षेत्र में आदर्श व्यक्तित्व के धनी व चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक गुलाबचंद कटारिया के जन्मदिन पर जयपुर प्रवास के दौरान उनके निवास स्थान पर जाकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

ट्रस्ट द्वारा आगामी दिनों में नशा मुक्ति अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी। ट्रस्ट सदस्यों ने क्षेत्र के मंदिर मठों में पूजा अर्चना कर उनके स्वस्थ दीर्घायु की कामना की। गौशालाओं में गौमाता के लिए गुड़ व हरा चारा का वितरण किया गया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह करनोत, ललित सुदर्शन, ट्रस्ट के बाबूलाल भंसाली, अशोक चोपडा,-ाथुसिह राजपुरोहित,अशोक हुण्डिया, संजय छाजेड, नरपतसिह सरली, सुरेश बन्दा, रहीशदान, महिपाल बागुंडी, खेतसिंह दहिया,सुरेंद्रसिंह थुमबली, संदीप चोपडा, हिंगलाजदान, दिनेश खारवाल, दिनेश बारूपाल, नेमीचंद बारूपाल, कमलेश संकलेचा, नरेश टेलर, अनिल जैन, रघुनाथसिह मंडली, रूपाराम प्रजापत, संजय सालेचा, संजय चौपडा, रिषभ तातेड़, रिषभ चोपडा, अशोक चौपड़ा , संजय छाजेड, भैरूलाल सालेचा, रामजी भाई, रामचंद्र सिंघल, राणमल ओस्तवाल, मुकेश जीरावला,पुष्पराज चोपडा, थानाराम माली, लुणचंद सालेचा,रूपाराम प्रजापत, पुष्पराज चौपडा, भैरूलाल प्रजापत, हार्दिक,प्रतिक, मदन तातेड, अरूण सालेचा, गोतम मंडोत, सतु भाई बंसल टेन्ट, लुणचंद बांठिया, भरत, अनिल बांठिया सहित कई जनों ने भी बधाई प्रेषित की।

ओटवाला में सफाई कर्मचारी तीन माह से वेतन को तरसे

सायला, (निसं)। सायला उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओटवाला में सफाई व्यवस्था को लेकर भुगतान विवाद गहराता जा रहा है। एक तरफ जहां ग्राम पंचायत प्रशासक दीपाराम मेघवाल के कार्यकाल में कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासक ने ठेकेदार मैसर्स शौकत खान सरदार खान को काम बंद करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ने घर-घर कचरा संग्रहण और गली-सड़क सफाई का कार्य मैसर्स शौकत खान सरदार खान नामक ठेका फर्म को सौंप रखा है। ठेकेदार शौकत खान का कहना है कि पंचायत द्वारा जून माह से किए गए सफाई कार्य का भुगतान अभी तक जारी नहीं किया गया है। भुगतान में देरी के चलते कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का वेतन नहीं मिल पाया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। ठेकेदार ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम विकास अधिकारी व प्रशासक से भुगतान जारी करने का आग्रह किया, परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बजाय उन्हें नोटिस थमा दिया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार भुगतान रोके जाने से कार्य प्रभावित हो रहा है।

ठेकेदार का दर्द, पैसा नहीं तो काम कैसे हो

सफाई ठेकेदार शौकत खान सरदार खान ने ग्राम पंचायत को 10.10.2025 को स्पष्ट पत्र लिखा था कि उन्हें जून माह से सफाई कार्य का भुगतान नहीं मिला है। उनके कर्मचारी, जिन्हें जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का वेतन नहीं मिला है, काम बंद करने को मजबूर हो गए हैं। जिस पर ग्राम पंचायत प्रशासक द्वारा 12.अक्टूबर 2025 को ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया और आरोप लगाया कि तीन माह का बिल संशोधित कर सही बिल ग्राम पंचायत को पेश करावे और ग्राम की सफाई व्यवस्था का तत्काल ध्यान नहीं दिया जाता है तो स्वच्छ भारत मिशन नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सफाईकर्मियों के सामने आर्थिक संकट पनपा

तीन माह से वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों के परिवारों के सामने आर्थिक संकट खडा हो गया है। दिवाली जैसे त्योहार से पहले वेतन न मिलना उनके लिए एक बडी समस्या है। सफाई कर्मियों ने बताया कि तीन माह से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

दीपाराम प्रशासक ग्राम पंचायत ओटवाला का कहना है कि ठेकेदार द्वारा माहवार बिल ग्राम पंचायत को पेश नही किया है। अभी 2 दिन पहले बिल पेश किया है। जिसमे कार्य से अधिक भुगतान का बिल पेश किया है। ग्राम पंचायत कमेटी द्वारा भौतिक सत्यापन कर भुगतान किया जाएगा।

जालोर की टीम को तीसरा स्थान

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद् राजस्थान पश्चिम प्रांत की ओर से सुमेरपुर में रविवार को प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता में जालोर शाखा की वरिष्ठ वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शाखा के सचिव शांतिलाल सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जालोर सहित आठ जिलों की कुल 50 टीमों ने कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) में जालोर से विवेकानंद आदर्श पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय की टीम के छात्र राघव राम व भव्य दवे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 6 से 8) में श्री शांतिनाथ बालिका आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा स्वरूप कंवर व कीर्तिका सुथार ने भी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुमेरपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैनसिंह महेचा थे।

'शब्द ए सफर' कविता संग्रह का विमोचन समारोह संपन्न

जैसलमेर/जोधपुर, (नि.सं.)। सिम्पली जयपुर पब्लिकेशन के नवीनतम साहित्यिक प्रयास 'शब्द ए सफर' कविता संग्रह का विमोचन समारोह जोधपुर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में शहर के साहित्य प्रेमियों, कवियों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास, डॉ. फतेह सिंह भाटी तथा समाजसेवी पवन मेहता रहे। जस्टिस व्यास ने कहा कि ऐसे संकलन नए कवियों के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। यह मंच उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर देता है।

डॉ. फतेह सिंह भाटी ने कहा कि यह संकलन कवियों की कल्पनाशीलता और संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। वहीं पवन मेहता ने नवोदित कवियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

काव्य संग्रह की संपादक अंशु हर्ष ने बताया कि 'शब्द ए सफर' वास्तव में शब्दों की वह यात्रा है जिसमें कवियों ने अपने जीवन के अनुभवों, संघर्षों, प्रेम, पीड़ा, आशा और आत्मचिंतन को कलम के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। कार्यक्रम का संचालन नलिनी हर्ष ने किया। समारोह में थार स्वास्तेय संस्थान के फाउंडर ट्रस्टी एवं सचिव सोमेश हर्ष भी उपस्थित रहे। इस संग्रह की जोधपुर कोऑर्डिनेटर शुभलक्ष्मी पुरोहित हैं। इस संकलन में जैसलमेर की बेटी स्वाति पुरोहित की कविताएं भी शामिल हैं। स्वाति विगत कई वर्षों से हिंदी साहित्य में सक्रिय हैं। उनकी कविताएं विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित होती रहती हैं। उनकी रचनाएं जोधपुर आकाशवाणी से भी प्रसारित हो चुकी हैं।

स्वाति पुरोहित इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता स्वर्गीय गुरु दत्त हर्ष को देती हैं, जिनसे उन्हें साहित्यिक संस्कार प्राप्त हुए। स्वर्गीय हर्ष जैसलमेर में समाजसेवी, संगीत-प्रेमी तथा संस्कृति के संवाहक के रूप में जाने जाते रहे हैं।

प्रमोट किया

जालोर, (कासं)। वीर वीरम देव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के